<u>समाचार</u>

<u>स्वच्छता जागरूकता अभियान</u>

<u>ठेला नम्बर–वन का खिताब मिला पुष्पेन्द्र राजपूत के पावभाजी ठेले को</u>

<u>(आयुक्त श्री राहुल देव ने प्रदान किया प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी की अभिनव पहल, बारह बिन्दुओं पर जांच रहे खानपान के ठेलों की स्वच्छता को)</u>

कोरबा 31 दिसम्बर 2019 –घंटाघर चौपाटी स्थित श्री पुष्पेन्द्र राजपूत के स्पेशल पावभाजी ठेले को दिसम्बर माह के '' ठेला नम्बर–वन '' का खिताब प्राप्त हुआ है, छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी के द्वारा बारह बिन्दुओं पर किए गए खानपान के ठेलों की स्वच्छता के परीक्षण उपरांत उक्त ठेले को उक्त खिताब दिया गया। आयुक्त श्री राहुल देव ने स्वयं चौपाटी पर अपनी उपस्थिति देते हुए इस अभिनव कार्य के लिए उनका उत्साहवर्धन किया तथा विजेता स्पेशल पावभाजी ठेला को ठेला नम्बर–वन के खिताब का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता जागरूकता महाअभियान की कड़ी में छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी कोरबा द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए खानपान के ठेलों की स्वच्छता का परीक्षण बारह बिन्दुओं के आधार पर किया जा रहा है, आकस्मिक परीक्षण के दौरान इन सभी बिन्दुओं एवं स्वच्छता के निर्धारित पैमानों की कसौटी पर खरा उतरने वाले ठेला संचालकों को क्रमशः स्वच्छता रैंकिंग दी जाती है तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाले ठेला को '' ठेला नम्बर–वन '' का खिताब दिया जाता है। इस कड़ी में सोमवार को घंटाघर कोरबा स्थित चौपाटी में सोसायटी के सदस्यों ने पहुंचकर वहां पर स्थित कई दर्जन खानपान के ठेलों की स्वच्छता का परीक्षण किया। आयुक्त श्री राहुल देव ने इस मौके पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए सोसायटी के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया तथा इस कार्य की सराहना की। इस मौके पर आयुक्त श्री राहुल देव ने खानपान के विभिन्न ठेलों का स्वयं भी निरीक्षण किया तथा साफ–सफाई की दिशा में उनके द्वारा की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए ठेलों में स्वच्छता के निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप व्यवस्था बनाए रखने तथा साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश ठेला संचालकों को दिए। इस मौके पर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सोसायटी के पदाधिकारी राणा मुखर्जी, प्रभजोत कौर, प्रतीक मजूमदार, उदय श्रीवास्वत, अविनाश दुबे, प्रकाश शर्मा आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

<u>इन बिन्दुओं पर किया गया स्वच्छता परीक्षण</u>– सोसायटी के सदस्यों के द्वारा विभिन्न बारह बिन्दुओं पर खानपान के ठेलों की स्वच्छता का परीक्षण किया गया, जिसमें सूखे व गीले कचरे के लिए पृथक–पृथक कूड़ादान उपलब्ध है या नहीं, दस्ताना एवं टोपी का उपयोग किया जा रहा है या नहीं, देशी दोना, पत्तल का उपयोग, जालीदार कवर, टिशूपेपर, मास्क, एप्रेंन की व्यवस्था है या नहीं, टोटीदार पानी ड्रम की उपलब्धता, ठेलों में प्लास्टिक का

उपयोग तो नहीं हो रहा तथा उनके द्वारा अपने आसपास साफ–सफाई रखी जा रही है या नहीं सहित अन्य बिन्दुओं पर स्वच्छता का परीक्षण किया गया।

आठ ठेलों को दी गई रैंकिंग– सोसायटी के सदस्यों द्वारा चार दर्जन से अधिक खानपान के ठेलों व प्रतिष्ठानों का स्वच्छता परीक्षण किया गया, जिसमें प्राप्त नम्बरों के आधार पर आठ ठेलों को रैंकिंग दी गई, जिसमें स्पेशल पावभाजी को प्रथम, सिंह लिट्टीचोखा को द्वितीय, विशू डिलक्सभेल को तृतीय, शंकर पावभाजी को चौथी, विशू डिलक्स ढाबेली एवं पप्पू खाना खजाना को संयुक्त रूप से पांचवीं, संजय चाईनीज को छठवीं, तथा वेजकबाब रोल को सातवीं रैंकिंग प्रदान की गई।

प्रत्येक माह होगा स्वच्छता परीक्षण– छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष श्री राणा मुखर्जी ने बताया कि स्वच्छता जागरूकता महाअभियान की इस कड़ी में सोसायटी द्वारा प्रत्येक माह अलग–अलग बाजारों व स्थानों में खानपान के ठेलों की स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं का परीक्षण किया जाएगा तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन व व्यवस्था रखने वाले ठेले को ’’ ठेला नम्बर–वन ’’ का खिताब दिया जाएगा।